दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 268 मुरादाबाद 22 January 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## कांग्रेस का भर्ती विधान युवा घोषणा पत्र, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने किया जारी




लखनऊ- उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में युवाओं पर फोकस करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के लिए आठ सूत्रीय घोषणा पत्र जारी किया है। केरल के वलसाड से सांसद पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव तथा उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के मुख्यालय में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी करने के बाद राहुल गांधी से इसके बारे में मीडिया से वार्ता की। राहुल गांधी ने कहा कि हम आपको कैसे और किस प्रकार से रोजगार दिलाएंगे, यह सब हमने इस मेनिफेस्टो में लिखा है। इस मेनिफेस्टो को बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के युवाओं के साथ बात की है और जो उनके विचार है वह हमने इस मेनिफेस्टो में डाले हैं। ये जो भर्ती विधान है, इसे बनाने के लिए हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूरे यूपी में युवाओं से बात की और उनकी परेशानियों के बारे में पूछा। उन्हीं चर्चाओं से ये भर्ती विधान निकला है। राहुल गांधी ने कहा कि हमने आज भर्ती विधान कांग्रेस का युवा घोषणा पत्र जारी किया है। हम उत्तर प्रदेश में भी प्रतियोगी परीक्षाओं के शुल्क माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी युवाओं के प्रति कांग्रेस की बड़ी जिम्मेदारी है। उत्तर प्रदेश के युवा बड़ी संख्या में लगातार रोजगार खो रहे हैं। इसके विपरीत सरकार कुछ भी नहीं कर रही है। सरकार तो कुछ उद्योगपतियों के हाथ मजबूत करने में लगी है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पार्टी का यह घोषणापत्र बनाने के लिए पार्टी ने यूपी के युवाओं से बात की है और उनकी आकांक्षाओं को इसमें डाला है। हमने उत्तर प्रदेश के लिए कांग्रेस का युवा के लिए तथा भर्ती विधान युवा घोषणा पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि हमने लगातार प्रदेश में दौरा कर यूपी के नौजवानों से बात की है। सभी बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि युवा के साथ हमारा फोकस महिलाओं पर भी हैं। हम तो आठ लाख महिलाओं को नौकरी देंगे। प्रियंका ने कहा कि उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं में घोटाले तथा धांधली से युवा परेशान है। हम हर जगह पर युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ डेढ़ लाख खाली पड़े शिक्षकों के पदों को भरेंगे। हम 20 लाख युवाओं को नौकरी देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि हम देश के युवाओं को सालाना दो करोड़ रोजगार देंगे लेकिन जो हो रहा है वह आप जानते हैं।

## माहौल बनाने को अब BJP ने लगाया जोर, घर-घर पर्चा बांटेंगे खुद नड्डा; शाह ने भी संभाला मोर्चा

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने अधिकांश विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार तय करने के बाद एक बार फिर प्रचार अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी तेज कर दी है। पहले फेज की वोटिंग से पहले पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह ने भी मोर्चा संभाल लिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ गृह मंत्री और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह शुक्रवार से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश में प्रचार अभियान को गति देंगे। इस कड़ी में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा के चुनाव अभियान के प्रभारी बनाए गए शाह आज मेरठ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी अभियान को धार देने की रणनीति बनाएंगे।शाह उत्तर प्रदेश में पार्टी के स्टार प्रचारक भी हैं। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर 300 सीट पर जीत का दावा कर रही भाजपा को आगामी चुनाव में भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने की चुनौती बरकरार है। उनके अलावा नड्डा भी आज आगरा और बरेली में संगठन की बैठकें कर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को वर्चुअल प्रचार अभियान की रणनीति से अवगत कराएंगे। वह आगरा में राउली महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज भाजपा के प्रचार रथ को रवाना करेंगे। योगी, शाम को 4रू00 बजे पार्टी के संवाद कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उद्योग संगठनों के प्रभारियों से बातचीत करेंगे।

## सोमनाथ मंदिर के पास नए सर्किट हाउस का उद्घाटन, पीएम बोले- तीर्थ स्थलों से बढ़ती है भारतीय एकता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर के पास बने नए सर्किट हाउस का उद्घाटन किया। सर्किट हाउस के उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम को संबोधित भी किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत एक श्लोक के साथ की। मोदी ने कहा, श्भगवान सोमनाथ की आराधना में हमारे शास्त्रों में कहा कहा है- भक्तिप्रदानाय कृतावतारं, तं सोमनाथं शरणं प्रपद्ये। यानी, भगवान सोमनाथ की कृपा अवतीर्ण होती है, कृपा के भंडार खुल जाते हैं।श् पीएम ने कहा कि जिन परिस्थितियों में सोमनाथ मंदिर को तबाह किया गया, और फिर जिन परिस्थितियों में सरदार पटेल जी के प्रयासों से मंदिर का जीर्णोद्वार हुआ, वो दोनों ही हमारे लिए एक बड़ा संदेश हैं।

### हर राज्य में पर्यटन क्षेत्र में कई संभावनाएं

अलग-अलग राज्यों से, देश और दुनिया के अलग-अलग कोनों से सोमनाथ मंदिर में दर्शन करने हर साल करीब करीब 1 करोड़ श्रद्धालु आते हैं। ये श्रद्धालु जब यहां से वापस जाते हैं, तो अपने साथ कई नए अनुभव, कई नए विचार और एक नई सोच लेकर जाते हैं। सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट ने कोरोना काल में जिस तरह यात्रियों की देखभाल की, समाज की जिम्मेदारी उठाई, इसमें 'जीव ही शिव' विचार के दर्शन होते हैं। हम दुनिया के कई देशों के बारे में सुनते हैं कि उसकी अर्थव्यवस्था में पर्यटन का योगदान कितना बड़ा है। हमारे यहां तो हर राज्य में, हर क्षेत्र में ऐसी ही अनंत संभावनाएं हैं।

### पर्यटन बढ़ाने के लिए चार बातें आवश्यक

पहले जो हेरिटेज साइट्स उपेक्षित पड़ी रहती थी, उन्हें अब सबके प्रयास से विकसित किया जा रहा है। प्राइवेट सेक्टर भी इसमें सहयोग के लिए आगे आया है। इंक्रेडिबल इंडिया और देखो अपना देश जैसे अभियान आज देश के गौरव को दुनिया के सामने रख रहे हैं, पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं। रामायण सर्किट के जरिए भगवान श्रीराम से जुड़े स्थलों का दर्शन कर सकते हैं, इसके लिए रेलवे द्वारा एक विशेष ट्रेन भी शुरू की गई है। कल से एक स्पेशल ट्रेन दिव्य काशी यात्रा के लिए दिल्ली से शुरू होने जा रही है। आज देश पर्यटन को समग्र रूप में, 'ीवसपेजपब्ूल में देख रहा है। आज के समय में पर्यटन बढ़ाने के लिए चार बातें आवश्यक हैं। पहला स्वच्छता- पहले हमारे पर्यटन स्थल, पवित्र तीर्थस्थल भी अस्वच्छ रहते थे। आज स्वच्छ भारत अभियान ने ये तस्वीर बदली है। पर्यटन बढ़ाने के लिए दूसरा अहम तत्व है सुविधा, लेकिन सुविधाओं का दायरा केवल पर्यटन स्थल तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। सुविधा परिवहन की, इंटरनेट की, सही जानकारी की, मेडिकल व्यवस्था की, हर तरह की होनी चाहिए और इस दिशा में भी देश में चौतरफा काम हो रहा है। पर्यटन बढ़ाने का तीसरा महत्वपूर्ण पहलू है समय। आजकल 20-20 का दौर है। लोग कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा स्थान कवर करना चाहते हैं। पर्यटन बढ़ाने के लिए चौथी और बहुत महत्वपूर्ण बात है - हमारी सोच। हमारी सोच का इनोवेटिव और आधुनिक होना जरूरी है, लेकिन साथ ही साथ हमें अपनी प्राचीन विरासत पर कितना गर्व है, ये बहुत मायने रखता है। आजादी के बाद दिल्ली में कुछ गिने-चुने परिवारों के लिए ही नव-निर्माण हुआ, लेकिन आज देश उस संकीर्ण सोच को पीछे छोड़कर, नए गौरव स्थलों का निर्माण कर रहा है, उन्हें भव्यता दे रहा है। ये हमारी ही सरकार है जिसने दिल्ली में बाबा साहेब मेमोरियल का निर्माण किया। आज आजादी के अमृत महोत्सव में हम एक ऐसे भारत के लिए संकल्प ले रहे हैं, जो जितना आधुनिक होगा उतना ही अपनी परंपराओं से जुड़ा होगा। हमारे तीर्थस्थान, हमारे पर्यटन स्थल इस नए भारत में रंग भरने का काम करेंगे। मेरे लिए वोकल फॉर लोकल में पर्यटन भी आता है। विदेश घूमने जाने का प्लान करने से पहले परिवार में ये तय करो कि पहले हिंदुस्तान के 15-20 मशहूर स्थलों में आप घूमेंगे। देश को समृद्ध बनाना है तो इस रास्ते पर चलना ही होगा।


## गदरपुर में एक वांछित अपराधी गिरफ्तार



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रूद्रपुर- पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा चलाएं जा रहे अभियान में मुकदमा अपराध स0 284/21 धारा 332/353/307 पचब में वांछित अपराधी दिलीप सिंह उर्फ काकू पुत्र मक्खन सिंह निवासी कतपुलिया डैम अंदर गूलरभोज को घटना में प्रयुक्त तमंचे के साथ किया गिरफ्तार किया गया। अभियोग में 3/25 ।. बिज की बढ़ोतरी की गई अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम -1.उप0 निरीक्षक सुनील सुतेडी चौकी प्रभारी गूलरभोज,2. कॉन्स्टेबल 574 दीपक जोशी,3. कॉन्स्टेबल 1311 पुष्कर सिंह

## ट्रांजिट कैंप में 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रूद्रपुर- पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंहनगर महोदय द्वारा विधान सभा निर्वाचन 2022 की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के कारण व चुनावो को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देदेश से चौकिंग करने हेतु निर्देशित किया था। इसी क्रम में दिनांक 20/01/2022 को थाना ट्रांजिट कैम्प पुलिस द्वारा सघन चेकिंग कर अभियुक्तगण के कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब खाम बरामद कर थाना हाजा पर मु0अ0सं0-22/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम सुरेश पुत्र रामप्रकाश यादव निवासी शिवनगर वार्ड न० -09 धाना ट्रांजिट कैम्प जनपद ऊधमसिंहनगर पंजीकृत किया गया ।,पुलिस टीम -1. उ0नि0 पूजा रावत,2. कानि0 240 लक्ष्मण चन्द

## षड्यंत्र रचने वाले होंगे बेनकाब बोले राजकुमार ठुकराल



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

ऊधमसिंह नगर- पत्रकारों से की वार्ता कहा जन आशीर्वाद से पार्टी पुनः देगी टिकट)-(बातों बातों में बोले कुछ लोग मेरे खिलाफ षड्यंत्र कर टिकट कटाने की रच रहे साज़िश) रूद्रपुर विधानसभा चुनाव का रण पूरी तरह अपने शाबाश है। वही विभिन्न राजनीतिक दल इस रण में एक दूसरे पर जमकर भड़ास निकाल रहे हैं ।इस बीच रूद्रपुर विधानसभा सीट से अभी तक भाजपा और कांग्रेस ने अपने पत्ते शो नहीं किए हैं ।इस सोशल मीडिया पर एक आडियो वायरल हो रहा है ।इस आडियो में रूद्रपुर के भाजपा विधायक राजकुमार ठुकराल बेहद रूहासा है। विधायक ठुकराल ने इस आडियो को अपने खिलाफ एक षड्यंत्र बताया है ।जिसे लेकर आज उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस की इस प्रेस वार्ता में भाजपा विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि कुछ लोग मेरे खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कथित लोग मेरी छवि को आम जनता के बीच गलत रूप प्रस्तुत कर चुनावी लाभ उठाने में जुटे हैं। विधायक ठुकराल ने कहा कि जो लोग मेरे खिलाफ षड्यंत्र रच कर रहे हैं, उनके मंसूबे कभी भी कामयाब नही होंगे। उन्होंने कहा कि मैं अपने दस साल के लंबे कार्यकाल में इस शहर के शात माहौल को बनाएं रखने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है ।शहर की जनता के लिए जो बन पड़ा वो किया। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि पार्टी इस बार भी उन्हें ही अपने उम्मीदवार के रूप में टिकट देकर चुनावी रण में उतरेगी। उन्होंने कहा कि मेरे साथ रूद्रपुर की जनता का आशीर्वाद है,उनका भरोसा है, आशीर्वाद है ।इस सबके बल पर मुझे पार्टी पुनः अवसर प्रदान करेंगी। विधायक ठुकराल ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति है सबका साथ सबका विकास उसी के अनुसार मैंने दस साल के लंबे कार्यकाल में क्षेत्रीय जनता की सेवा की, वही उन्होंने कहा कि जो लोग मेरे खिलाफ षड्यंत्र रच रहे उनके चेहरों से बहुत जल्द नाकाब हट जाएगा।

## वरिष्ठ नेता का समर्थकों सहित भाजपा से इस्तीफा, पूर्व मंत्री लगाये गम्भीर आरोप

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



ऊधमसिंह नगर / गदरपुर- भाजपा के वरिष्ठ नेता द्वारा गदरपुर विधानसभा सीट पर प्रत्याशी के चयन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपने समर्थकों सहित पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करने के बाद गदरपुर विधानसभा सीट से भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र बजाज द्वारा पार्टी की सदस्यता से अपने समर्थकों सहित शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। रविंद्र बजाज द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि वह भाजपा के साथ पिछले 32 वर्षों से जुड़े हैं। क्षेत्र में हजारों की संख्या में उनके समर्थक हैं। विधानसभा चुनाव के लिए टिकट वितरण में उनके नाम को नजरअंदाज किया गया है। रविंद्र बजाज द्वारा पूर्व मंत्री अरविंद पांडे को टिकट दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अरविंद पांडे द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याओं की अनदेखी की गई है। कार्यकर्ताओं की निरंतर उपेक्षा से कार्यकर्ताओं का मनोबल लगातार गिर रहा है। पार्टी फोरम पर इस बात को बार-बार उठाने के बावजूद भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। श्री बजाज का क्षेत्र में काफी वर्चस्व है और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देने से भाजपा को भारी नुकसान की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने हरक सिंह को ग्रहण कराई कांग्रेस की सदस्यता

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



ऊधमसिंह नगर- बहु सहित ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता बोले भाजपा दगाबाजों की पार्टी देहरादून/रूद्रपुर आखिकार लंबे इंतजार के बाद पूरी कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की कांग्रेस में वापसी हो ही गई। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की मौजूदगी में बहू सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। आपकों बता दें कि हरक के कांग्रेस में शामिल होने में रोडा बनें पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने ही उन्हें कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई ।उनकी बहू ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी दगाबाजों की पार्टी है ।हरक सिंह रावत ने कहा कि भाजपा चाहती है कि मैं उनकी जी हुजूरी करू लेकिन मुझे यह बर्दाश्त नहीं था। इसलिए भाजपा ने मुझे पार्टी और मंत्रीमंडल से बाहर कर दिया ।हरक सिंह रावत ने कहा कि कांग्रेस में वापसी के बाद मुझे बड़ा सुकून मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उत्तराखंड विधानसभा चुनावों में 60 के पार सीटें हासिल कर सरकार बनाएगी। वही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इस दौरान कहा कि हरक की घर वापसी हुई है। जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुबह का भूला शाम को घर वापसी आ जाएं इससे बढ़ कर और कुछ और नहीं है ।एक सवाल के जवाब में हरीश रावत ने कहा कि यह सवाल की क्या कांग्रेस हरक सिंह रावत को चुनावी मैदान में उतरेगी,यह तय करना पार्टी हाईकमान का काम है,हा अंदाजा लगाया जा सकता है कि हरक सिंह रावत इन चुनावों में कहा से चुनावी मैदान में खड़े होंगे। वही हरक सिंह रावत की घर वापसी पर कांग्रेसियों ने इसे अपनी बड़ी सफलता बताया है ।भाजपा ने हमेशा गरीबों का दमन किया है। वही उत्तराखंड में सत्ता परिवर्तन की लहर दौड़ रही है। इसलिए आम जनता भी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है ।इस दौरान कांग्रेस के कई बड़े नेता मौजूद थे।

## 1 किलो 876 ग्राम अफीम के साथ तीन अभियुक्त झनकईया पुलिस की गिरफ्त में

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- पुलिस उप महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के विक्री, अवैध शराब की रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के एवं ष्आपरेशन क्रैक डाउनष अभियान के तहत् श्रीमान पुलिस अक्षीक्षक महोदय नगर, श्रीमान् क्षेत्राधिकारी महोदय खटीमा के निर्देशन में थानाध्यक्ष झनकईया के नेतृत्व में आज दिनांक 20/01/2022 को थाना झनकईया पुलिस द्वारा चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वस्तु के दौरान अभियुक्तगण क्रमशः- (1) विकास कुमार पुत्र नेत राम (2) प्रमोद कुमार पुत्र प्रेम किशन (3) शिव चरण सिंह पुत्र काशीराम निवासीगण ग्राम सकुटिया पो० याकूबगंज थाना बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश को सूखीमहर पुलिया के पास शहीद मनोज़ रूमाल द्वार के पास लोहियाहेड़ से क्रमशः अभियुक्त विकास कुमार के कब्जे से 412 ग्राम नाजायज अफीम, अभियुक्त प्रमोद कुमार के कब्जे से 418 ग्राम नाजायज अफीम, अभियुक्त शिवचरण के कब्जे से 1 किलों 46 ग्राम नाजायज अफीम (कुल 1 किलो 876 ग्राम) अवैध अफीम के साथ मय मो0सा०सं०-न्झ-06-ठ।-7837( स्पैलण्डर प्लस) के गिरफ्तार किया गया हैं ।अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ पर उक्त अवैध अफीम को बदायूं उत्तर प्रदेश से लाकर नेपाल में ले जाकर बेचना बताया गया। उक्त सम्बन्ध में अलग से जांच की जा रही हैं ।उक्त सम्बन्ध में थाने पर मु0अ0सं0-06/2022 धारा 08/18/60 एन.डी.पी.एस अधिनियम बनाम् विकास कुमार आदि पंजीकृत किया गया हैं, बरामदा अवैध अफीम की बाजार में कीमत करीब 10 लाख रूपये है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया

# ठाकुरद्वारा में 4211 लोगों को लगा कोरोना का टीका

मुरादाबाद- क्षेत्र में चार कोरोना पॉजिटिव पाए गए है। कोरोना प्रतिरोधी टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाते हुए शुक्रवार को 4211 लोगों का टीकाकरण किया गया। सीमावर्ती उत्तराखंड में कोरोना से आठ लोगों की मौत हो जाने पर दहशत फैल गई है। क्षेत्र में कोरोना टीका करण की रफ्तार बढ़ाते हुए शुक्रवार को 4211 लोगों का टीकाकरण किया गया। एक सौ लोगों की आरटीपीसीआर और 70 लोगों की एंटीजन जांच की गई। शुक्रवार को कोरोना वायरस पॉजिटिव कोई नहीं पाया गया लेकिन पिछली जांच रिपोर्ट में ठाकुरद्वारा नगर के वार्ड 13 निवासी व्यक्ति के अलावा लालापुर पीपलसाना में एक, बाजपुर की मढैया में एक और रानी नागल में चार कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं। उधर, नगर की अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था मुस्लिम इंटर कॉलेज में शनिवार को कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं को बुलाया गया है ताकि 15 से 18 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं का वैक्सीनेशन किया जा सके। यह जानकारी प्रधानाचार्य लोकमन सिंह ने दी।

www.knlslive.com

# लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने ज्वेलर्स के मारी गोली

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश सरकार भले ही अपराधियों पर अंकुश लगाने की बात करती हो लेकिन यूपी में अपराधियों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं।ताजा मामला उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना इलाके के दलपतपुर का है। जहां पर ज्वेलर्स की दुकान लूटने आए बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि उन्होंने गोली चला दी जिसमें एक दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया है।रू जनपद मुरादाबाद में बदमाशों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद हो रहे हैं. बदमाश आए दिन किसी न किसी नई घटना को अंजाम देते रहते हैं. ताजा मामला मूंढापांडे थाना इलाके के दलपतपुर का है.जहां पर शाम होते ही बदमाशों के हौसले बुलंद हो जाते हैं. और वह लूट की वारदात को अंजाम दे देते हैं.





दरअसल आपको बता दें मूंढापांडे थाना इलाके के दलपतपुर में एक ज्वेलर्स की दुकान लूटने के लिए आए बदमाशों ने गोली चला दी. जिसमें एक दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया. इतना ही नहीं बदमाशों के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं कि उन्हें पुलिस का जरा भी खौफ नजर नहीं आ रहा है.यह मामला पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी का ही है. भीड़ ने एक बदमाश को पकड़ लिया है. तथा दो अन्य बदमाश फरार हो गए हैं.पुलिस ने घायल दुकानदार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. घटना की सूचना पुलिस को लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दुकानदार को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया है.और अन्य फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई है

# धूमधाम से मनाया गया सकट पर्व, सुबह से ही शुरू हो गया पूजन

मुरादाबाद- सकट पर्व माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। शुक्रवार को चतुर्थी होने के कारण सकट का पर्व मनाया गया। माताओं ने बच्चों की कुशलता के लिए तथा स्त्रियों ने पति के रोजगार की समृद्धि के लिए व्रत रखा। कुछ ने सुबह सूर्योदय के बाद, कुछ ने शाम को तारे देखकर कथा कुछ महिलाओं ने रात चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत को विश्राम दिया। उन्होंने घर में सास, ननद आदि को वायना देकर उनका आशीर्वाद लिया। परंपरा है कि इस दिन तिल और गुड़ को कूट कर तिलकुट बनाया जाता है। कुछ घरों में इन तिलकुट को मुर्गे का आकार दिया जाता है। बाद में घर के बेटे से धूप घास से इसकी कर्दन कटवा दी जाती है। इसके बाद महिलाओं ने भगवान शिव परिवार तथा भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर बच्चों की सुख समृद्धि और पति का रोजगार सुदृढ़ होने की कामना की। बायना मंसा और सास, ननद आदि का बुजुर्ग को देकर आशीर्वाद लिया। कुछ ने सुबह यह पूजन किया उन्होंने पूजन पूर्ण कर व्रत को विश्राम दिया। मगर जिनके घर शाम को पूजन होता है उन्होंने शाम को पूजन किया। जिनके घर तारों को अर्घ्य दिया जाता है उन्होंने तारों को और जिनके घर चंद्र दर्शन कर अर्घ्य दिया जाता है उन्होंने चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत को विश्राम दिया। इस सकट पर्व के पीछे तर्क दिया जाता है कि एक गांव में कुम्हारों का आवा नहीं पक रहा था। सभी ने इस बात से राजा को अवगत कराया। राजा ने पंडित को बुलाकर इसका कारण पूछा पंडित ने कहा सकट देवी नाराज हैं। आवा के साथ एक बच्चे की बलि दी जाए तो आवा पकने लगेगा। अब हर बार आवे के साथ एक बच्चे की बलि दी जाने लगी। गांव में एक बुढ़िया का एक ही बेटा था। उसका नंबर आया तो बुढ़िया ने लाड़- प्यार कर अपने बेटे से कहा बेटा जा तू विघ्न हरण गणेश जी की आराधना करते हुए आवा में बैठ जा। वह खुद घर में सकट देवी की आराधना करने लगी। इस बार आवा एक ही दिन में पक गया। बुढ़िया का बेटा भी सुरक्षित निकल आया। इससे पहले जले बच्चे भी जीवित हो गया। तभी से सकट देवी की पूजा और तिलगुट के मुर्गे की बलि देने की परंपरा चली आ रही है।

# ट्रेन के जर्जर कोच बनेंगे दो पहिया वाहनों के शोरूम, रेलवे की आमदनी भी बढ़ेगी

मुरादाबाद- रेलवे ने अपने पुराने हो चुके कोच को नष्ट करने के बजाय उससे आमदनी करने का नया तरीका खोज निकाला है। पुराने कोच को रेलवे दो पहिया वाहनों के शोरूम में विकसित करेगा। चौंक गए न कि आखिर ट्रेन के कोच में कैसे बनेगा शोरूम, लेकिन यह सच है। दरअसल रेलवे अपने पुराने कोच को इस तरह से विकसित करेगा कि उसमें दो पहिया वाहनों की ढुलाई हो सके। नए वाहनों को एक शहर के शोरूम से दूसरे शहर भेजने के लिए रेलवे बुकिंग लेगा। जिनको नए विकसित कोच में ऐसे रखा जाएगा कि जहां ट्रेन रुकेगी वहां पर इन वाहनों का प्रदर्शन किया जा सके। अधिक माल की ढुलाई के लिए डबल डेकर की व्यवस्था रहेगी। कंपनी कम समय में अधिक माल की ढुलाई कर पाएंगे और इससे रेलवे की आय में वृद्धि भी होगी। कोरोना संक्रमण के बाद रेलवे प्रशासन आय अर्जित के लिए माल ढुलाई पर ध्यान देना शुरू कर दिया। कोरोना के समय ट्रेनों के नहीं चलने के बाद भी रेल 70 फीसद तक आय अर्जित किया है। रेलवे माल ढुलाई के लिए प्रत्येक रेल मंडल मुख्यालय पर बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) स्थापित किया है। अधिकारी व्यापारियों, कंपनियों से संपर्क करते है और माल ढुलाई के साथ व्यापारियों के सुझाव के आधार पर माल ढुलाई में सुधार भी कराते है। इसके बाद कारोबारी सड़क मार्ग के बजाय रेल



मार्ग से माल की ढुलाई शुरू कर दिया है। दूसरी ओर रेल प्रशासन यात्रियों के लिए पुराने कोच के स्थान पर लिंके हाफमैन बुश (एलएचबी) कोच ट्रेनों में लगा रहे हैं। जिसमें यात्रियों को आधुनिक सुविधा उपलब्ध हो रही है। रेलवे पुराने कोच को नष्ट करने के बजाय कुछ कोच में बिना सुधार किए ही माल की ढुलाई शुरू कर दिया है। कुछ पुराने कोच में सुधार कर माल ढुलाई के लिए तैयार किया जा रहा है। दो पहिया वाहन की ढुलाई के लिए डबल डेकर कोच बनाया है। जिसमें नीचे और उसके ऊपर दो पहिया वाहन रखा जा सकता है। कोच को दो पहिया वाहन के शो रूम की तरह तैयार किया गया है। बीच रास्ते कोच को खड़ी कर कंपनी दो पहिया वाहन का प्रदर्शन कर सकता है और वाहन के बुकिंग के लिए आर्डर ले सकता है। रेलवे मंत्रालय ने दो पहिया वाहन की ढुलाई के लिए डबल डेकर कोच का ट्वीट कर फोटो जारी किया है। नये कोच में अधिक से अधिक दो पहिया वाहन कंपनी भेज सकते हैं, रेल प्रशासन ने कोच में सुधार करने के बाद अधिक आय अर्जित करना शुरू कर दिया है। मुरादाबाद रेल मंडल के हरिद्वार से भी आटोमोबाइल को बाहर भेजा जाता है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा-संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म. नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Death sells wine

No one side, but the ears, nose and eyes of the system are also to blame for the poison that the cup was filled with for the death of seven people in Mandi's Salapad. How the spurious liquor business became poison running through our veins, it is pointing to a bigger mechanism. Those who die are people of such tenacity, who make it a part of their daily routine by soaking the atmosphere drenched in alcohol addiction.One wonders how the consumption of the cheap brand came to a fatal end and how this Hawthorn was born in the premises of the Excise Department. Of course,

now the department is getting into the bottom of this whole episode in a conscious state, but this canker will not be filled so easily for the arrangement lying on the gravel. Of course, the habit of drinking has neither social nor moral support, but its economic and personal aspect is present among us.If the government does not sell liquor, then the respect of the public exchequer will come to the crossroads and if there is no excise policy then who will dare to drink alcohol.

The irony is also that many women's agitations in Himachal keep opposing the original liquor shops, but instead of thinking on 'Liquor Ban', our policy is in focus on how to increase its sale and collect the maximum duty. In this way our excise policy has led to the sale of liquor at such expensive rates,Where there is an increase in the business of smuggling or spurious liquor. In this context, the meaning of liquor being sold in Salapad must have been mathematics, where business has been flourishing like this under the departmental sheet. How the mafia is bathing with money in the great Kumbh of illegal liquor, it should neither be hidden from the excise nor the police system, but now in the mourning of seven people, this crime is screaming and telling how many snakes in the grave are lying down.Now even if the watchful eyes close the liquor being sold in Salapad within the boundary of the investigation, the issue will not be buried because the drunken condition of Himachal is present everywhere in the affair of cheap and illegal liquor. Obviously the dead bodies of seven people are in front of us covered with shrouds of many questions. These questions are being asked directly from the excise policy, departmental skills, police arrangements and systemic management that why the mafia is now considering the alcoholics as their business or target.Can we ever think that while increasing the income through alcohol, finally this state is treating the addicted person as a capacity to drink more or Himachal has blindly accepted that this business It would be better to increase it. In any case, the current era of alcohol sales is not sure how many and what kind of dangers can be on these roads. It is not difficult to predict what the people selling expensive liquor cheap are doing.At least the system in the slum of liquor can know the opinion of Mahila Mandals for the identification of every good and bad. Will the governments ever be serious about rejecting the objections of women under the excise policy. Will a strict process be initiated to reduce the attractiveness of alcohol or its qualitative distribution? The incident of Salapad has made such a deal with the lives of the people, where the society, government, policy and system are in complete loss. Some efforts should be made that alcohol does not ruin not only one life, but many families.

# Ananya Pandey got a very bold photoshoot done by wrapping a thin cloth, everyone was surprised to see the pictures

Bollywood actress Ananya Pandey is in the news these days for her upcoming film 'Gehraiyaan'. In this film, she will be seen alongside Deepika Padukone, Siddhant Chaturvedi and Dhairya Karva. The banging trailer of the film has been released recently, which is very much discussed. This film is going to release on Amazon Prime on 11th February.Along with acting, Ananya is also very active on social media. She has often surprised fans by posting her hot and bold pictures. Meanwhile, Ananya has shared pictures of her latest photoshoot. She is looking very hot in these pictures. But in this photoshoot, Ananya's tot has caught everyone's attention. Users are seen commenting in various ways on social media regarding this.Ananya Pandey has shared pictures of her latest photoshoot on her Instagram account. She is looking very hot in these pictures. In the photoshoot, you can see that Ananya Pandey is wearing a green top. This top is made from a folded cloth which looks exactly like a dupatta.This top of Ananya has caught everyone's attention. At the same time, Ananya is wearing brown colored pants. Fans are constantly giving their feedback by commenting on this picture. While commenting on this, some users are trolling Ananya for her top.Commenting on this photoshoot of Ananya Pandey, a user wrote, 'Ananya ji this is wrong, I am feeling cold, you asked for my muffler for 5 minutes, still not returned.' While one wrote in the comment, 'Green tea and brown tea.' So there a user writes, 'Uff kill me.' These photos have been viewed millions of times so far.



# Sanjeeda Sheikh again bolded in front of the camera, seeing the picture in the strap deep neck top, the user said - 'Now just do it or else we will...'

TV actress Sanjeeda Sheikh is known in the industry not only for her acting but also for her beauty and hotness. Sanjeeda is very active not only in acting but also on social media. She makes fans crazy by posting her hot and sizzling pictures and videos almost every day.At the same time, the fans also eagerly wait for the post of the actress. Meanwhile, Sanjeeda has once again set the internet on fire with her hotness. A picture of him is becoming quite viral.Sanjeeda Sheikh has posted a latest picture of herself on her official Instagram account which is creating panic on the internet. In this picture you can see that Sanjeeda has carried a white colored strap top. During this her hair is open. Looking at the camera, she is seen giving hot poses.At the same time, his act of looking at the camera is enough to make anyone crazy. A cute smile on his face is making this picture even more beautiful. Fans are very fond of this photo of Sanjeeda. At the same time, by commenting on it, they are constantly giving their feedback. Commenting on this, a user wrote, 'Mashaalha.' So there one wrote, 'You are very beautiful.' One user writes, 'Now just do it or else we will lose our heart.'Let us tell you that recently Sanjeeda Sheikh shared a bold picture of herself on her Instagram. In this picture, she was seen setting fire with her boldness. In the picture you can see that Sanjeeda is wearing a transparent bralette of black color.To make her look even more beautiful, Sanjeeda has kept her hair open which is covering half of her face. Fans liked this picture of the actress a lot. At the same time, by commenting on it, they are praising Sanjeeda even today.



## पुलिस व सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -जलेसर सीओ इरफान नासिर खान के नेतृत्व में जलेसर बाजार व जलेसर थाना क्षेत्र में पुलिस व सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च, फ़ोटो साभार आगामी विधानसभा चुनावों को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए क्षेत्राधिकारी जलेसर इरफान नासिर खान के नेतृत्व में थाना प्रभारी शंभूनाथ मय पुलिस बल सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ निधौली चौराहा जलेसर से मैन मार्केट होते हुए जलेसर हर मौहल्ले में भ्रमण करते हुए क्षेत्र में उपद्रव फैलाने वाले लोगों को चिन्हित करने के साथ ही अराजक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही का भरोसा देते हुए निष्पक्ष मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया और बताया गया कि यदि किसी के द्वारा अराजकता फैलाने की कोशिश की गई तो उसकी खैर नहीं है,वहीं जलेसर क्षेत्र के गांवों में भी जलेसर इरफान नासिर खान के नेतृत्व में थाना प्रभारी शंभूनाथ मय पुलिस बल सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च।

## प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कुं0 वासित अली ने डॉ नईम को बनाया अलीगंज विधानसभा संयोजक




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -एटा|विधानसभा चुनाव की घोषणा के उपरांत कल भाजपा प्रत्याशियों के नाम को लेकर चले मंथन में भाजपा केंद्रीय भाजपा कमेटी ने अलीगंज से वर्तमान विधायक सत्यपाल सिंह राठौर को पुनः प्रत्याशी घोषित किया है|इसी के साथ भाजपा के सभी संगठनों के पदाधिकारियों को विधानसभा अलीगंज के लिए प्रभारी सह प्रभारी नियुक्त किया जा रहा है|इसी परिपेक्ष में उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कुं0 वासित अली ने अलीगंज विधानसभा में 1993 से भाजपा के सदस्य बनकर पार्टी की निरन्तर सेवा करने वाले उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के शोध प्रमुख डॉ0एस0एम0नईम को अलीगंज विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह राठौर के चुनाव के लिए विधानसभा संयोजक के पद पर नियुक्त किया है|डॉ0नईम से जब विधानसभा संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा अलीगंज बनाये जाने पर जानकारी की तो उन्होंने ने बताया कि पार्टी हाईकमान ने मुझे जो दायित्व दिया है, उसका मैं पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से पालन करते हुए ,भाजपा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह राठौर की एतिहासिक जीत के लिए पूरी ताकत लगा दूँगा।

## शहर में सपना चौधरी के प्रोग्राम में कोविड-19 की उड़ाई गई धज्जिया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा -शहर में सपना चौधरी के प्रोग्राम में कोविड-19 की उड़ाई गई धज्जियां प्रोग्राम के दौरान उमड़ी सैकड़ों लोगों की भीड़ पूरी रात चलता रहा प्रोग्राम पुलिस को नहीं लगी भनक इतने बड़े प्रोग्राम की प्रशासन ने कैसे दी अनुमति डांस प्रोग्राम का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल ताजगंज क्षेत्र के ादबब में हुआ सपना चौधरी का प्रोग्राम थाना ताजगंज इलाके में मेरिज होम संचालक प्रशासन और पुलिस को रखते हैं ठेंगे पर

## अभियान के तहत कुल 03 वारंटी गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जनपदीय पुलिस द्वारा एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के तहत कुल 03 वारंटी गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 03 एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की

## एटा परिवार परामर्श केंद्र में आज सुनवाई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच


एटा - परिवार परामर्श केंद्र में आज सुनवाई करते हुए समाजसेवी और परिवार परामर्श काउंसलर श्री अकरम खान साहब और वरिष्ठ अधिवक्ता श्री संजीव तिवारी जी और शहर के जाने माने भट्टा व्यवसाई श्री सचेन्द्र गुप्ता जी,दुष्यंत यादव जी व समस्त महिला थाना स्टाफ, ये सभी लोग टूटे हुए घरों को जोड़कर एक नेक कार्य कर रहे है,सभी धर्म,जातियाँ और समाज के लोग इन सभी की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दे रहे है,

## घने कोहरे की वजह से रोडवेज व ट्रैक्टर में हुई भिड़ंत, ट्रैक्टर हुए दो टुकड़े

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - घने कोहरे की वजह से रोडवेज व ट्रैक्टर में हुई भिड़ंत, ट्रैक्टर हुए दो टुकड़े हादसे में हुए दो लोग घायल,इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा एटा ट्रण्डला मार्ग कस्बा बसुन्धरा पर रोडवेज व ईटों से भरे ट्रैक्टर में हुई टक्कर टक्कर लगने के साथ ही ट्रैक्टर को दो टुकड़े हो गये व दो लोग हुए घायल स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जेसीबी की मदद से रोड पर पड़े ट्रैक्टर को अलग हटाया एवं घायलों को इलाज के लिए भेजा जिला अस्पताल अवागढ़ थाना क्षेत्र के एटा टूंडला मार्ग कस्बा वसुंधरा का मामला

## 3569 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए, 21 जब्त



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - जनपद में पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में फ्लैग मार्च करके लोगों से निडर व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की है। पुलिस ने 3569 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए हैं। 21 जब्त और 109 निरस्त किए हैं। इसके अलावा 45 लीटर अवैध शराब, ढाई सौ ग्राम नशीला पाउडर, तीन अवैध शस्त्र व चार कारतूस बरामद किए गए। संवेदनशील इलाकों में 266 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई। 4367 लोगों को नोटिस भेजे गए। 513 वाहनों के चालान किए गए। चुनाव की वजह से पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है।

## नेताओं की भाषणबाजी तक सीमित रहा रिंग रोड

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ़ - दावों की गाड़ी तो खूब दौड़ाई गई, मगर इन पांच सालों में इस गाड़ी संग रिंग रोड नहीं दौड़ सका। वर्षों से यह फाइलों की कैद में है। आश्चर्य की बात यह है कि दो विधानसभा क्षेत्रों से होकर निकलने वाले रिंग रोड के लिए मजबूती से पैरवी तक नहीं की गई। इसका निर्माण न होने से आधा शहर प्रभावित हो रहा है। लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। बरेली, मुरादाबाद समेत आधा दर्जन से अधिक शहरों से आने वाले लोगों को शहर के भीषण जाम में फंसना पड़ता है। 2019 में कमिश्नर अजयदीप सिंह ने भी कहा था कि शहर के दूसरे हिस्से से रिंग रोड का निर्माण कराया जाए, एडीए से फिर प्रस्ताव भेजा गया था, मगर इसपर भी गंभीरता नहीं दिखाई गई।

## 5 घंटे आधुनिकता से दूर रहेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट व अफसर

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ़ - 23 जनवरी को सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक और दोपहर ढाई से शाम साढ़े पांच बजे तक, ढाई-ढाई घंटे की दो शिफ्टों समेत पांच घंटे की यूपी टीईटी आयोजित कराई जाएगी। कोई भी अभ्यर्थी किसी परीक्षा में जब बैठता है तो वो आधुनिकता से दूर रहता है। यानी इलेक्ट्रानिक उपकरण, गैजेट्स, स्मार्टफोन, टैबलेट, इंटरनेट आदि तमाम आधुनिकता की वस्तुओं से उसकी दूरी रहती है। मगर अब अभ्यर्थियों के साथ-साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट समेत कक्ष निरीक्षक, केंद्र व्यवस्थापक, शिक्षा व प्रशासनिक अधिकारी सभी पांच घंटे की अग्नि परीक्षा में आधुनिकता से दूर रहेंगे। इनको मोबाइल रखने की अनुमति तो होगी लेकिन पुराना की-पैड यानी बटन वाला मोबाइल ही रख सकेंगे। परीक्षा केंद्र या कक्ष में प्रवेश करने के दौरान ये फोन भी बंद रखने की बाध्यता रहेगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के 200 गज की परिधि में सीआरपीसी की धारा-144 लागू रहेगी।

## 15 से 17 वर्ष के शेष बच्चों का वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव की उपस्थिति में कलेक्टर कैंप में जिले के बीएमओ, बीईओ से विकासखंडवार 15 से 17 वर्ष के स्कूली बच्चों का कोविड वैक्सीनेशन कार्य के प्रगति की जानकारी ली। 15 से 17 वर्ष के बच्चे का जिले में 49742 का लक्ष्य है जिसमें 26152 को वैक्सीनेशन लगाया जा चुका है। कलेक्टर ने सभी बीएमओ एवं बीईओ को स्कूल त्यागी बच्चों का सर्वे कर तथा शेष बच्चे जिनका वैक्सीनेशन नहीं हुआ है, बीएमओ से समन्वय कर वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिनका पहला डोज लग चुका है उनका भी निश्चित समयावधि में कोरोना का दूसरा डोज लगाने के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रिकॉशनरी बूस्टर डोज के संबंध में जानकारी ली तथा उन्होंने सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, पटवारी, कोटवार, सभी फ्रंटलाइन वर्कर सहित अन्य लोगों का जिनका अप्रैल 2021 तक कोरोना का वैक्सीनेशन लग चुका है उन्हें अनिवार्य रूप से प्रिकॉशनरी बूस्टर डोज लगाने के निर्देश दिए तथा इसके लिए जिला स्तर, ब्लॉक स्तर पर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव ने आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड से गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों के लिए लाभदायक है एवं एक जीवन रेखा है। इस पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए जिस से संबंधित व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री शिव कुमार बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम रजक, सीएमएचओ डॉ. आर.एस. सिंह, सिविल सर्जन डॉ. शशि तिर्की, डीईओ श्री विनोद राय, जिला मिशन समन्वयक श्री शशिकांत सिंह, डॉ. अजय मरकाम एवं सर्व बीएमओ, बीईओ उपस्थित थे।

## सारासोर में 17 वर्षीय बालिका का हो रहा था चोरी छुपे बालविवाह, टीम ने रोका

### चोरी छिपे नाबालिग के विवाह की थी तैयारी टीम ने रोका

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- बाल विवाह रोकने की टीम के सक्रियता के कारण लोग चोरी छुपे सुरक्षित ठिकाने में जाकर विवाह करने की कोशिश कर रहे हैं, वर्तमान मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चंद्रेश सिंह सिसोदिया को ग्रामीणों के द्वारा फोन कर बताया गया कि कोरिया से एक लड़की को ला कर शिव मंदिर सारासोर भैयाथान में विवाह होने वाला है जिला कार्यक्रम अधिकारी ने तत्काल जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को निर्देशित किया कि टीम का गठन कर सारासोर में होने वाले बाल विवाह की जांच करें। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने तत्काल संयुक्त टीम बनाकर सारासोर भैयाथान रवाना हुए, जहां पता चला कि मंदिर में लड़का एवं लड़की पक्ष वाले आ गए हैं और विवाह के लिए बैठने वाले पंडित विवाह की तैयारी कर चुके थे, और लड़की विवाह के लिए विवाहवेदी पर बैठ चुकी थी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बालिका से उसके जन्म तिथि के संबंध में पूछताछ की तो पता चला कि बालिका का जन्म तिथि के अनुसार उम्र 17 वर्ष है कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर शादी को रोक दिया गया और कोरिया से टीम लड़की के गांव भेजा गया। जहां से अंकसूची में भी लड़की की उम्र मात्र 17 वर्ष थी, दोनों पक्ष के लोगों को समझाइश दिया गया साथ ही पंडित को भी बताया गया कि इस प्रकार का विवाह कराना गैर कानूनी है। पंचनामा तैयार कर लड़की, लड़का एवं उनके परिजनों का कथन भी तैयार किया गया और बालिका को बाल कल्याण समिति सूरजपुर में प्रस्तुत किया गया। बालिका का होमवर्क वेकेशन कोरिया से कराया गया बालिका को सुरक्षित सखी वन स्टॉप सेंटर में रखा गया। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्डलाइन के द्वारा बालिका को कोरिया बाल कल्याण समिति में भेजा गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह केवल कुरीति ही नहीं बल्कि एक अपराध भी है। बाल विवाह करने पर सभी के लिए दंड के प्रावधान है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में अब अट्ठारह नहीं बल्कि 21 वर्ष की लड़कियों का ही शादी हो पाएगा क्योंकि बहुत जल्द लड़कियों के लिए भी 21 वर्ष का उम्र के संबंध में कानून बनने वाला है। बाल विवाह रुकवाने वाले में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल चाइल्ड लाइन से सेंटर कोऑर्डिनेटर जनार्दन यादव, टीम मेंबर राधा यादव, अनवरी खातून एवं दिनेश यादव, चेंद्रा चौकी प्रभारी आराधना बनोदे, सहायक उप निरीक्षक हरिशंकर तिवारी, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश तिवारी उपस्थित थे।

## पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती एवं परिसीमित सीधी भर्ती परीक्षा (एमबीएस 21) हेतु विशेष निर्देश

### महिला बाल संपरीक्षक परीक्षा 2021 हेतु विशेष निर्देश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा संचालक संचालनालय महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत पर्यवेक्षक पदों हेतु खुली सीधी भर्ती एवं परिसीमित सीधी भर्ती परीक्षा 23 जनवरी 2022 को दो पालियों में किया जायेगा। भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण परीक्षा केन्द्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। व्यापम द्वारा प्रदेश के 16 जिला मुख्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिसके अंतर्गत प्रथम पाली की परीक्षा हेतु अम्बिकापुर में 71, बैकुण्ठपुर में 15, बिलासपुर में 193, दंतेवाड़ा में 06, धमतरी में 25, दुर्ग में 113, जगदलपुर में 35, जांजगीर में 28, जशपुर में 10, कांकेर में 24, कबीरधाम में 17 कोरबा में 30 महासमुंद में 32, रायगढ़ में 51, रायपुर में 158, एवं राजनांदगाँव में 31 इस तरह कुल 839 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसी तरह द्वितीय पाली की परीक्षा हेतु अम्बिकापुर में 09 बैकुण्ठपुर में 03, बिलासपुर में 16, दंतेवाड़ा में 02, धमतरी में 02 दुर्ग में 10, जगदलपुर में 09, जांजगीर में 04, जशपुर में 03 कांकेर में 03, कबीरधाम में 03, कोरबा में 04, महासमुंद में 04, रायगढ़ में 08, रायपुर में 18 एवं राजनांदगाँव में 04, इस तरह 102 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा हेतु कुछ जिलों में नए परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। कई परीक्षा केंद्र शहरी सीमा से काफी दूर है। अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि वे परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जाए। यदि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 7470470609 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला स्तर पर भी एक हेल्पलाइन 21 जनवरी से 22 जनवरी 2022 को उपलब्ध रहेगा, जहाँ से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । कोविड संक्रमित अभ्यर्थी कोविड सेंटर में परीक्षा दे सकेंगे। इसके लिए अभ्यर्थी को एक दिन पूर्व जिला नोडल अधिकारी या जिला समन्वयक को सूचना देनी है। ताकि संक्रमित अभ्यर्थी हेतु पृथक से परीक्षा कक्ष की व्यवस्था की जा सके।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## सारणीकरण व निर्वाचन परिणाम के लिए सहयोगी अधिकारी कर्मचारी नियुक्त

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-05 के उप निर्वाचन 2022 का सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा जिला मुख्यालय (न्यायालय अपर कलेक्टर कक्ष सूरजपुर) में 24 जनवरी 2022 को प्रातः 09:00 बजे से किया जाना है। अतः रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग आफिसर के साथ सहयोग के लिए अधिकारी, कर्मचारियों श्री प्रीतपाल सिंह, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, श्री संदीप विश्वकर्मा वाचक टू कलेक्टर, श्री सुन्दर साय एपीओ जिला पंचायत, श्री प्रमोद कुमार रवि सहायक प्रोग्रामर, श्री योगेश पैकरा सहायक ग्रेड-03, श्री तिलकधारी भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## लेखापाल द्वारा बारासत दर्ज ना किए जाने से परेशान भाई ने जिला अधिकारी बांदा से लगाई गुहार

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा जनपद के देहात कोतवाली अंतर्गत ग्राम गुरेह निवासी दुर्गा प्रसाद पुत्र स्वर्गीय शिवप्रसाद सोनी ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि उनके भाई की सड़क दुर्घटना में 03.12.21,को मौत हो जाने के बाद एक माह से ज्यादा बीत चुका है।मृतक के भाई दुर्गा प्रसाद ने बताया की मृतक की पत्नी कई साल पहले भाई को छोड़ कर कही चली गई हैं।जिस कारण



अभी तक लेखापाल ने मृतक भाई की संपत्ति पर बारासत नही दर्ज की है।आज अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से मांग की है कि बरसात में नाम दर्ज कराने का आदेश जारी करे जिससे सभी सरकारी लाभ मिल सके।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से मण्डल कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण




अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- निरीक्षण के समय अपर पुलिस अधीक्षक श्री लक्ष्मी निवास मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राकेश कुमार सिंह, प्रभारी अधीक्षक, जिला कारागार वीरेन्द्र कुमार वर्मा व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कारागार बांदा में कुल 1056 बन्दी निरूद्ध है। मौके पर उपस्थित अधीक्षक, जिला कारागार, बांदा द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में कारागार में कुल 580 बन्दियों की रखने की क्षमता है। बैरक में बन्द बन्दियों से उनकी समस्याएं की जानकारी प्राप्त की गई किसी भी बन्दी द्वारा किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं बतायी गई। बन्दियों एवं बैरक की संघन तलासी के दौरान कोई भी अनाधिकृत सामग्री नहीं पायी गयी। अधीक्षक, जिला कारागार को निर्देशित किया गया कि सभी बन्दियों को मास्क अवश्य लगवाये जायें तथा वर्जित सामग्री किसी भी दशा में अन्दर न लाने दिया जाये एवं कोविड टीकाकरण शतप्रतिशत सुनिश्चित करायें। जेल अस्पताल में चिकित्सक के पद पर तैनात डा0 गुलाब चन्द्र मिश्रा द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जेल अस्पताल में कुल 17 बन्दी भर्ती है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती बन्दियों से उनकी बीमारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। भर्ती बन्दी मरीजों कोई भी समस्या नहीं बतायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा डा0 गुलाब चन्द्र मिश्रा को निर्देशित किया गया कि भर्ती मरीजों का नियमित उपचार किया जाये।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## समाजवादी पार्टी और किसान एक दूसरे के पूरक हैं -चौधरी शमसुल होदा

सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कुशीनगर- समाजवादी पार्टी और किसान एक दूसरे के पूरक हैं। समाजवादी पार्टी अगर शरीर है तो देश के किसान आत्मा हैं। दोनों एक दूसरे के वगैर अपूर्ण हैं, महत्वहीन हैं। बिना आत्मा के शरीर अगर निर्जीव हो जाता है तो बिना शरीर के आत्मा भी भटकती रहती है। यह कोई चुनावी जुमलेबाजी नहीं है और न ही कोई कोरी कल्पना है बल्कि सबूत के साथ साबित हकीक़त है। आज किसानों की जो दुर्दशा है या भटकाव है इसका एक मात्र कारण यह है कि किसान समाजवादी पार्टी से साजिशन दूर कर दिया गया है। देश में व्याप्त राजनीति और उसके सिद्धान्तों पर गौर करें तो पायेंगे कि धर्म-सम्प्रदाय व हिन्दू बनाम मुसलमान की राजनीति वोट प्राप्त करने का आधार बन गया है। समाजवादी पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो किसान, नौजवान, दबे-कुचले, सर्वहारा, मजदूर, गरीब के साथ-साथ विकास की राजनीति करती है। धर्म-सम्प्रदाय की राजनीति करने वाली राजनीतिक पार्टियां किसान को किसान बना नहीं रहने देना चाहतीं हैं। वे किसान को हिन्दू और मुसलमान में बांटकर अपना राजनीतिक दुकान चलाने के प्रयास में लगी रहती हैं। किसान का हिन्दू बनाम मुसलमान में बंटना ही साम्प्रदायिक राजनीति को मजबूती प्रदान करता है। साम्प्रदायिक राजनीतिक पार्टी का वोट बैंक तैयार होकर वोटों के धुर्वीकरण को मजबूती प्रदान करता है। लेकिन ठीक इसके विपरीत समाजवादी पार्टी किसानों को किसान के रूप में ही देखना चाहती है। कृषि प्रधानता की बात करती है और किसान को ही देश का मुख्य स्तम्भ मानती है। समाजवादी पार्टी का मानना है कि देश के किसानों ने ही आज़ादी की लड़ाई लड़कर, कुर्बानियाँ देकर देश को आज़ाद कराया है और देश में लोकतान्त्रिक संविधान के साथ समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक भारत की स्थापना किया है। भारतीय संविधान समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक भारत व कृषि प्रधानता की परिकल्पना के साथ साम्प्रदायिक सौहार्द, सामाजिक न्याय, समता, समानता के साथ साथ बिना भेदभाव के मौलिक अधिकारों की रक्षा व विकास का भरोसा देता है। यही भारतीय संविधान का मूल है। समाजवादी पार्टी मूलतः इन्हीं सिद्धान्तों की राजनीति करती है।



भारतीय राजनीति पर आप बारीकी से नज़र डालें तो आप पायेंगे कि जब-जब कोई समाजवादी विचारधारा का नेता सत्ता की कुर्सी पर बैठा है तो देश के किसानों के दिन निश्चित रूप से बहुरे हैं। वह दिन किसानों के खुशहाली व तरक्क़ी के बने हैं। किसान नेता चौधरी चरण सिंह व धरतीपुत्र मुलायम सिंह जी के द्वारा किये गये किसान हितों में कार्य इसके उदाहरण हैं। नेताजी मुलायम सिंह यादव जी के बतौर मुख्यमंत्री उनके कार्यों पर नज़र डालें तो आप पायेंगे कि उनकी सरकारें पूर्ण बहुमत की न होने के बावजूद भी जब-जब बनीं उन्होंने किसानों के लिए काफी काम किये। हमारा प्रदेश उत्तर प्रदेश मूल रूप से कृषि प्रधान प्रदेश है। इसकी लगभग अस्सी प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कृषि से जुडी हुई है। हमारा यह प्रदेश किसानों की विशाल आबादी के साथ कभी धुप, कभी छाँव के खट्टे-मीठे अनुभवों के साथ दिन गुजरता रहा है। उत्तरप्रदेश का किसान अपने खेती, खाद, बीज, सिंचाई को लेकर परेशान रहा तो अपने बच्चों-बच्चियों की पढ़ाई को लेकर परेशान रहा, किसी तरह कष्ट उठाकर अपने बच्चों पढ़ाया लिखाया तो फिर उनकी बेरोजगारी को लेकर परेशान रहा, अपने परिवार की बीमारी व दवाई को लेकर परेशान रहा, अपने परिवार के महिला सदस्यों, बहु-बेटियों की सुरक्षा को लेकर परेशान रहा। कहने का तातपर्य यह है कि परेशानी का दूसरा नाम किसान बन गया है। किसानों की सबसे बड़ी चिंता व समस्या रही कि मेरे मरने के बाद मेरे परिवार का क्या होगा, उनका गुजर बसर कैसे होगा, कौन बनेगा उनका सहारा और कैसे होगा उनका गुजारा ? किसानों की इन सभी समस्यायों का एक मुस्त निदान समाजवादी पार्टी की अखिलेश यादव की सरकार ने करके यह साबित कर पूरे देश को यह दिखा दिया कि समाजवादी पार्टी ही एक मात्र राजनीतिक पार्टी है जो किसान हित में, किसानों की, किसानों से और किसानों के विकास के लिए काम करने वाली पार्टी है। युवा हृदय सम्राट समाजवादी योद्धा अखिलेश यादव के बतौर मुख्यमंत्री किये गये कार्यों का ईमानदारी पूर्वक विश्लेषण करें तो फिर मेरे दावे का कोई अगर-मगर या किसी भी तरह की शक, सुब्हे या इंकार की कोई गुंजाईश ही नहीं बचता है कि समाजवादी पार्टी की अखिलेश सरकार ने उत्तर प्रदेश में पढ़ाई, दवाई, सिंचाई मुफ़्त कर, समाजवादी एम्बुलेंस 102, 108 चलाकर, समाजवादी पेंशन योजना, लैपटॉप वितरण योजना, लोहिया आवास योजना, किसान-मजदूर बीमा योजना, बंधक जमीनों की नीलामी पर रोक लगाकर, किसान बाज़ार की स्थापना, डॉयल 100 व 1090 ऐप, रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष एवं आशा ज्योति केंद्र की स्थापना आदि किसान हितकारी कार्यों के साथ-साथ अपने बजट को लगातार दो साल किसानों के नाम कर समाजवादी पार्टी को किसानों के लिए, किसानों की पार्टी होने पर पक्का व पुख्ता मोहर लगा दिया है। ऐसे में यह साबित होता है कि समाजवादी पार्टी और किसान एक-दूसरे के पूरक हैं। देश के किसानों के साथ-साथ किसान नेताओं के लिए भी यह लेख विचरणीय विषय बिंदु है। शायद कि इनकी सोयी हुई ज़मीरें जग जायें। उत्तरप्रदेश में विधानसभा चुनाव का विगुल बज गया है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों से वायदा किया है कि वर्ष 2022 में समाजवादी गठबंधन की सरकार बनने पर किसान आंदोलन में शहीद किसानों के परिवारों को 25 लाख रूपये शहीद सम्मान राशि दिया जाएगा। सांड के मारने की दुर्घटना से मौत होने पर पांच लाख का मुआवजा दिया जाएगा। साइकिल से चलने वालों के एक्सीडेंट से मौत होने पर 5 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली समाजवादी सरकार में मुफ़्त होगी। किसानों के लिए ब्याज मुक्त कर्ज की व्यवस्था होगी। बीमा और पेंशन की व्यवस्था भी किसानों के लिए की जाएगी। 5 साल के संविदा कार्यक्रम को पलट दिया जाएगा। सरकार बनना। इस वास्तविकता को किसानों को समझना होगा और उत्तरप्रदेश में किसानों की सरकार बनाने के लिए समाजवादी गठबंधन के प्रत्याशियों को अपना समर्थन व वोट देना होगा। इसके लिए प्रदेश के किसानों और नौजवानों को ष्अन्न संकल्पष लेना होगा कि जिन्होंने किसानों पर अन्याय व अत्याचार किया है उनको हराएंगे और सत्ता से हटाएंगे।

# प्राण प्रतिष्ठान यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा श्रद्धालुओ ने बढ़ चढ़कर लिया भाग



सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कुशीनगर– फाजिलनगर क्षेत्र के ग्राम सभा कोइलासवा बुजुर्ग के गोसाई टोला गांव में स्थित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठान यज्ञ को लेकर आज कलश यात्रा गाजे –बाजे के साथ मन्दिर परिसर से निकली,कलश यात्रा में शामिल लोग विभिन्न गांवों से होते हुए घुरनाकुण्ड (तिरमोहानि) तट पर पहुंचे वही यज्ञकर्ता पारसनाथ शुक्ल के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा गया उसके बाद पुनः पकहां घाट, कपरधिका, बरवा टोला, भरपटिया, बनकटा बजार होते हुए हनुमान मंदिर पहुंचकर कलश स्थापित किया गया इस दौरान कलश यात्रा में शामिल श्रद्वालु जय श्री राम के जयकारा लगाते हुए चले गए, मन्दिर परिसर में शुक्रवार से तीन दिनों तक प्राण प्रतिष्ठान यज्ञ शुरू होगा इस दौरान मन्दिर के महंथ सुभाष यादव ने बताया की अनुष्ठान के अन्तिम दिन यज्ञ परिसर में भंडारा का भी अयोजन किया जाएगा,मौके पर कलश यात्रा में शामिल लोग,राजू शाही,सुबास यादव, पारस यादव, जवाहर गुप्ता, रामअशीष गुप्ता,रामअधार यादव,बैरिस्टर गुप्ता,चंद्रिका यादव,महेश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, जयप्रकाश,प्रमोद मद्धेशिया, धनेश,चंदन,जदू द्वेशिया,प्रधुमान, चंद्रभान, भीम,जनक, भागीरथ, धरमनाथ, प्रभुनाथ, समेत आसपास के कई गांवों के श्रद्वालु महिला व पुरूष मौजूद थे

# जिले में धूम-धाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस–जिलाधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती– जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अगामी 26 जनवरी, 2022 गणतन्त्र दिवस मनाए जाने से सम्बंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस को हर्षो उल्लास एवं सुव्यस्थित ढ़ग से सम्पन्न कराने के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी, 2022 गणतंत्र दिवस पर प्रातः 7.30 बजे 10 कि0मी0 साईकिल रेस (कलेक्ट्रेट मुख्य गेट से पाण्डेपुरवा व वापस कलेक्ट्रेट मुख्य गेट) बालकों के लिए, स्टेडियम के अन्दर– बालिकाओं के लिए दौड़, प्रातः 8.00 बजे प्रभातफेरी, प्रातः 8.00 बजे विभागीय झांकी, प्रातः 8.30 बजे–समस्त सरकारी कार्यालय/भवनों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण, झण्डा अभिवादन एवं राष्ट्रगान तथा संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण तत्पश्चात साइकिल रेस में विजयी प्रतिभागियों को कलेक्ट्रेट में पुरस्कार वितरण, प्रातः 9.00 बजे–पुलिस परेड तत्पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/सैन्य विधवाओं एवं अभिभावकों का सम्मान, प्रातः 10.00 बजे–समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द पर आधारित कार्यक्रम, नाटक, विचारगोष्ठी एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन तथा साक्षरता दौड़। अपरान्ह 1.00 बजे से–साक्षरता गोष्ठी एवं साक्षरता सम्बन्धी सांस्कृतिक कार्यक्रम विकासखण्डवार सभी विकास खण्डों पर (हरिहरपुररानी का जिला मुख्यालय जू0हा0स्कूल भिनगा में), अपरान्ह 3.00 बजे से एन0सी0सी0 स्काउट–गाइड आदि का सम्मिलित रूटमार्च, खेलकूद प्रतियोगिता (बालीबाल)स्टेडियम भिनगा में आयोजित किया जाएगा। उक्त के अतिरिक्त 25 व 26 जनवरी की रात में मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर तोरण द्वार का निर्माण निम्नानुसार– 1 भिनगा सीएचसी व संयुक्त जिला चिकित्सालय के सामने मुख्य चिकित्साधिकारी 2 दहाना तिराहा प्रभागीय वनाधिकारी 3 ईदगाह तिराहा –प्रबंधक इलाहाबाद बैंक 4 कलेक्ट्रेट गेट– तहसीलदार भिनगा 5 नई बाजार –अध्यक्ष व्यापार मंडल 6 खैरी मोड तिराहा –अध्यक्ष नगर पालिका भिनगा द्वारा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालय अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य/शिक्षको निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय ध्वज एवं उसका ध्वज दण्ड निर्धारित मानकानुकसान होना चाहिए। किसी भी दशा में ध्वज दण्ड की उंचाई 5 फिट से कम नही होनी चाहिए साथ ही प्लास्टिक के बने ध्वज का प्रयोग कदापि न किया जाय। सभी कार्यक्रमों में कोविड–19 प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बच्चों के कार्यक्रम में मेडिकल टीम अवश्य लगायी जायेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रिंकू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती– थाना क्षेत्र नवाबगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत चनैनी के निवासी मनीष कुमार उर्फ रिंकू पुत्र परसराम बहेलिया उम्र लगभग 20 वर्ष ग्राम चनैनी विकास खण्ड नवाबगंज थाना नवाबगंज जनपद बहराइच के द्वारा गांव के बाहर सागवन के पेड़ से फंदा गले में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर दिया जिसकी सूचना परिजनों ने थाना नवाबगंज को दीया थाना नवाबगंज की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज से जानकारी लेने पर बताया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी पुलिस जांच में जुटी है ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पल्स पोलियों अभियान की तरह किया जायेगा कोविड–19 टीकाकरण–जिलाधिकारी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती– 24 से 29 जनवरी तक डोर टू डोर अभियान के तहर घर–घर जाकर किया जाए शत–प्रतिशत टीकाकरण–जिलाधिकारी। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड संवेदीकरण, कोविड रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों, नियमित टीकाकरण से वंचित 15 से 17 वर्ष के बच्चों तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कोविड टीके की पहली खुराक न प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के चिन्हीकरण तथा सूचीबद्व किये जाने के सम्बन्ध में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा दिये गये निदेश के क्रम में जनपद में यह कार्य 24 से 29 जनवरी तक गणतंत्र दिवस को छोड़कर संचालित किया जायेगा। उन्होने कहा कि इस कार्य हेतु कार्ययोजना बनाकर समस्त आवासों का भ्रमण सुनिश्चित करते हुए इसे संचालित किया जाये। साथ ही शनिवार 29 जनवरी, 2022 का नियमित टीकाकरण 31 जनवरी, 2022 को करवाने के लिए सफल क्रियान्वयन किया जाये। उन्होने कहा कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य विभाग, एकीकृत बाल विकास योजना आईसीडीएस, सिविल डिफेन्स, राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस नगर निकाय, वन विभाग, कृषि विभाग जनपद के प्रमुख गैर–सरकारी संगठनों, विश्व के स्वास्थ्य संगठन तथा यूनिसेफ को अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाय ताकि इस अभियान को सफल बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने कोविड–19 टीकाकरण के सम्बन्ध में डोर टू डोर अभियान के तरह घर–घर जाकर शत–प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूरा किया जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कोई भी जनपदवासी इस महाअभियान से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलान्स मेडिकल ऑफिसर द्वारा संयुक्त रूप से पल्स पोलियों अभियान के तहत माइक्रोप्लान तैयार कर उक्त मानव संसाधन यथा स्थान तैनात किया जाय एवं तद्नुसार मैपिंग का कार्य किया जाय। साथ ही इस कार्ययोजना को पूर्णतः पल्स पोलियों अभियान की भाँति संचालित करते हुए पल्स पोलियों अभियान के एक दिवस का कार्य इस अभियान में भी एक ही कार्य दिवस में पूर्ण किया जाय। समस्त पर्यवेक्षकों टीम के सदस्यों को छोटे–छोटे समूहों में प्रशिक्षण दिया जाना है। अभियान से सम्बन्धित कार्यकर्ताओं द्वारा भरा जाने वाला सर्वे प्रारूप स्वास्थ्य विभाग एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा पर्यवेक्षकों द्वारा भरा जाने वाला अनुश्रवण एवं रिपोर्टिंग प्रारूप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित कार्रवाई की गतिविधियां माइक्रोप्लान के अनुसार टीमों का गठन कर लिया जाय।